संख्या–cm-85
08/03/2022

राज्य में लागू पूर्ण शराबबंदी के सफल क्रियान्वयन के अध्ययन को लेकर राजस्थान के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

पटना, 08 मार्च 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में राजस्थान की एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में लागू पूर्ण शराबबंदी के सफल क्रियान्वयन के अध्ययन को लेकर मुलाकात की। राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार आबकारी एवं मद्य संयम नीति के प्रावधानों के तहत शराबबंदी की मांग से जुड़े व्यावहारिक पहलूओं पर अध्ययन हेतु एक अध्ययन दल बिहार दौरे पर आया है। इस दल में आबकारी विभाग द्वारा गठित समिति के विभागीय अधिकारी श्री विजय जोशी तथा शराबबंदी आंदोलन एवं संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती पूजा भारती छाबड़ा सहित तीन प्रतिनिधि शामिल हैं।

प्रतिनिधिमंडल अपने दौरे के दौरान बिहार राज्य में लागू शराबबंदी के विभिन्न पहलूओं पर विस्तृत विचार विमर्श एवं अध्ययन कर जानकारी लेगी। यह अध्ययन दल बिहार मद्य निषेध और उत्पाद अधिनियम, 2016 के तहत राज्य में लागू शराब एवं मादक द्रव्य के पूर्ण प्रतिबंध के सफल क्रियान्वयन का अध्ययन करेगी।

मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस अध्ययन दल को पूरा सहयोग दें और राज्य में पूर्ण शराबबंदी के सफल क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायें।

******